भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 28 सितम्बर 2022 को हिंदी पखावाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु भा.वा.अ.शि.प. में दिनांक 14 से 28 सितम्बर 2022 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर श्री अरुण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री एस. डी. शर्मा, भा.व.से. (सेवानिवृत्त) एव श्री विजय बहादुर थापा को आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. श्री अरुण सिंह रावत ने कहा कि यद्यपि हिन्दी पखवाड़ा का समापन हो रहा है लेकिन फिर भी हिंदी के प्रति यही उत्साह हमें सम्पूर्ण वर्ष के दौरान कायम रखना है। उन्होंने पखवाड़े के दौरान आयोजित हुई नौ प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और कहा कि 'क' क्षेत्र में होने के कारण राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन में हमारा दायित्व केवल भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति ही नहीं है बल्कि यह हमारा नैतिक दायित्व भी है कि हम हिन्दी में कार्य करें। इस अवसर पर महानिदेशक महोदय ने श्री रमाकांत मिश्र, मुख्य तकनीकी अधिकारी, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग को हिंदी के प्रति उनकी सेवाओं के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होनें भा.वा.अ.शि.प. के क एवं ग क्षेत्रों में स्थित संस्थानों को भी हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राजभाषा पुरस्कार प्रदान किए। क क्षेत्र स्थित संस्थानों में इस साल यह पुरस्कार वन अनुसंधान संस्थान को दिया गया। संस्थान के कुलसचिव श्री एस.के. थॉमस ने मंच पर आकर पुरस्कार ग्रहण किया। ग क्षेत्रों में स्थित संस्थानों में यह पुरस्कार वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट को प्रदान किया गया।

डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार) ने स्वागत भाषण के दौरान राजभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण देते हुए बताया कि इस वर्ष हिन्दी पखवाड़ा के दौरान कुल 9 प्रतियोगिताएं यथा, टिप्पण लेखन, शब्द संधान, निबंध, अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद, वाद-विवाद, राजभाषा हिन्दी प्रश्नोत्तरी, कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण, अंत्याक्षरी एवं स्वरचित हिन्दी काव्यपाठ आयोजित की गईं, जिनमें कुल 102 प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। उन्होंने सूचित किया कि भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कारों के अंतर्गत वर्ष 2021-22 के दौरान अपने शासकीय कार्यों में हिन्दी क्रियान्वयन में समग्र प्रदर्शन हेतु भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के दस कार्मिकों को भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में सुर संगम का आयोजन किया गया जिसमें श्री एस. डी. शर्मा, भा.व.से. (सेवानिवृत्त) एव श्री विजय बहादुर थापा ने गायन किया। श्री विजय बहादुर थापा ने हारमोनियम पर तथा श्री रमेश कुमार ने तबलावादन पर सुर संगम के इस कार्यक्रम में समां बांध दिया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नामों की घोषणा श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा की गई। कार्यक्रम का समापन डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक, (मीडिया एवं विस्तार) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। समापन समारोह में श्री अरुण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., श्रीमती कंचन देवी उप महानिदेशक (शिक्षा), श्री एस के डोगरा, उप महानिदेशक (प्रशासन), डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक, (मीडिया एवं विस्तार), विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री एस. डी. शर्मा, भा.व.से. (सेवानिवृत्त), श्री विजय बहादुर थापा, श्री दीपक मिश्रा, सचिव, भा.वा.अ.शि.प., श्री एस के थॉमस, कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान तथा भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

EXIT
हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
28 सितम्बर 2022

EXIT

EXIT
भा.व.से.
श्रीमती कंचन देवी, भा.व.से.

श्री आर. के. डोगरा, भा.व.से.
श्रीमती कंचन देवी, भा.व.से.

EXIT
ह रावत, भा.व.से.
श्री एस. डी. शर्मा,
डॉ. सुधीर कुमार

डॉ. सुधीर कुमार
डॉ. गीता जोशी

EXIT
हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
समापन समारोह
28 सितम्बर 2022
अपराह्न 04:00 से
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

EXIT
हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
समापन समारोह
28 सितम्बर 2022
अपराह्न 04:00 से
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
समापन समारोह
28 सितम्बर 2022
अपराह्न 04:00 से
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
EXIT
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

से 28 सितम्बर 2022
अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
28 सितम्बर 2022
अपराह्न 04:00 से

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
समापन समारोह
28 सितम्बर 2022
अपराह्न 04:00 से
श्रीमती कंचन देवी, भा.व.से
डॉ. सुधीर कुमार

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
समापन समारोह
28 सितम्बर 2022
अपराह्न 04:00 से
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
EXIT
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

हिन्दी पखवाड़ा
सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून
समापन समारोह
28 सितम्बर 2022
04:00 से
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
EXIT